बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03 / 05–भू0अ0नि0(निदेश / मार्गदर्शन)–08 / 2024 12878

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी बंदोबस्त पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक :– 22/07/2024

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत संविदा नियोजित सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के संविदा अवधि विस्तार के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु योजना आधारित संविदा पदों पर विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी / विशेष सर्वेक्षण कानूनगो / विशेष सर्वेक्षण लिपिक / विशेष सर्वेक्षण अमीन का नियोजन करते हुए बंदोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित किया गया है। पूर्व में इस योजना का राज्य सरकार द्वारा अवधि विस्तार दिनांक 31.03.2024 तक किया गया था।

पुनः राज्य सरकार द्वारा इस योजना का अवधि विस्तार 01 वर्ष 09 माह अर्थात दिनांक–01.04.2024 से दिनांक–31.12.2025 तक के लिए किया गया है। इस परिपेक्ष्य में उपरोक्त पदों पर नियोजित संविदा कर्मियों की सेवा संतोषजनक रहने की स्थिति में दिनांक–01.04.2024 से दिनांक–31.12.2025 तक संविदा अवधि विस्तार की स्वीकृति निम्नांकित शर्त्त के साथ दी जाती है :–

1. संबंधित पदाधिकारी पुनः एकरारनामा किए जाने के पूर्व यह आश्वस्त हो लेंगे कि जिन संविदा कर्मियों का संविदा विस्तार किया जा रहा है, उनके विरूद्ध किसी तरह का कोई आरोप लंबित न हो।
2. यदि जिन संविदा कर्मियों का अवधि विस्तार आरोप के कारण लंबित रखा गया है, उन संविदा कर्मियों के संबंध में आरोप लंबित रहने का कारण एवं आरोप की प्रकृति सहित प्रतिवेदन 07 दिनों के अन्दर निदेशालय को भेजना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

22/07/24

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 05–भू0अ0नि0(निदेश / मार्गदर्शन)–08 / 2024 12878 **पटना, दिनांक** :– 22/07/2024

प्रतिलिपि :– सभी प्रभारी पदाधिकारी / सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

22/07/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 05–भू0अ0नि0(निदेश / मार्गदर्शन)–08 / 2024.......12878 **पटना, दिनांक** :– 22/07/2024

प्रतिलिपि :– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / सभी संबंधित स्थापना प्रभारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ प्रेषित।

22/07/24

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 05–भू0अ0नि0(निदेश / मार्गदर्शन)–08 / 2024.......12878 **पटना, दिनांक** :– 22/07/2024

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

22/07/24

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 05–भू0अ0नि0(निदेश / मार्गदर्शन)–08 / 2024.......12878 **पटना, दिनांक** :– 22/07/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/07/24

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप